प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतापगढ़ में 570 करोड़ रुपये की 186 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश को दिया एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज।
2. दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री ने की कानून व्यवस्था आर विकास कार्यों की समीक्षा : बाढ़ राहत कार्यों का लिया जायज़ा।
3. राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रदेशभर में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम : केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल आगरा और केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने बदायूं में खेल महोत्सव में की शिरकत। और
4. मथुरा में दाऊजी महाराज के 5253वें जन्मोत्सव पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ : किये गये सुरक्षा के विशेष इंतजाम।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रतापगढ़ में 570 करोड़ रुपये की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने माफिया को खत्म कर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज दिया है। श्री योगी

ने कहा कि प्रतापगढ़ का आंवला अब दुनिया भर में पहुंच रहा है। बाइट....

*मां बेलादेवी की कृपा है कि जिस प्रतापगढ़ के बारे में कभी लोग कहते थे कि विकास नहीं हो सकता, उस प्रतापगढ़ में वन डिस्टिक, वन प्रोडक्ट में आंवला और आंवला का उत्पाद आज देश और दुनिया के कोने–कोने में पहुंच रहा है।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे पर आज वाराणसी पहुंचे। श्री योगी ने सर्किट हाउस में कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे, वाराणसी के सर्किट हाउस में उन्होंने कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के साथ–साथ आगामी माह में मॉरीशस के प्रधानमंत्री के वाराणसी दौरे के संबंध में भी बैठक कर अधिकारियों से अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सारी तैयारी पूरी करने पर जोर दिया। उनके इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम भी संभावित है। मुख्यमंत्री ने दूसरी बार गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण प्रभावित हुए लोगों से राहत शिविर में जाकर उनका हाल चाल जाना और इस मौके पर उनको सहायता भी प्रदान की, और बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया।*

*मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी*

———————

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्तर प्रदेश के 88 पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि

प्रदान की और सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया से फिट इंडिया मूवमेंट तक, सांसद और विधायक स्तर की प्रतियोगिताओं तक, देश में खेलों की एक नई क्रांति आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर कमिश्नरी में एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जा रही है। बाइट.....

*प्रधानमंत्री मोदी जी के आने के बाद देश के अंदर खेल और खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में एक नई मदद मिली। खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा रहा है। खेल की नई नीति को लागू कर दिया गया है। नए खिलाड़ियों को अब मंच मिलेंगे कोच मिलेंगे अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर मिलेगा और इसी को ध्यान में रख कर के प्रदेश सरकार ने भी तय किया। प्रदेश के अंदर हर कमिश्नरी में एक एक स्पोर्ट्स कॉलेज होना चाहिए।*

केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल आगरा में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुए आयोजन में शामिल हुए । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की खेल नीति के चलते खेल के क्षेत्र में बच्चे देश का नाम रोशन कर रहे हैं। बाइट.....

*प्रधानमंत्री की कितनी रुचि है इसलिए की लालकिले की प्राचीर से खेलो इंडिया का नहीं तो पढ़ो इंडिया ही कहा जाता था और उसके बाद रिजल्ट आए है ओलंपिक में भी कॉमनवेल्थ में भी एशियाड में भी भारत के बच्चे और बच्चियाँ हर क्षेत्र में बहुत अच्छा कर रहे हैं।*

केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बदायूं में जिलास्तरीय तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

वहीं युवाओं में खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन देशभर में किया जाएगा। इसी क्रम में आज डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में सिद्धार्थनगर में एक बैठक हुई। इस अवसर पर श्री पाल ने बताया कि महोत्सव के दौरान गांव, न्याय पंचायत और जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। बाइट......

*और आज से पूरे प्रदेश और देश के सभी सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ के रजिस्ट्रेशन पूरे देशव्यापी स्तर पर यह हुआ कि हर गांव में फिट इंडिया का एक वातावरण तैयार करने के लिए हम रजिस्ट्रेशन कराएं। जिसका शुभारंभ आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुआ है।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आधुनिक कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और निर्वाचन व्यवस्था का मजबूत होना ही इस दिशा में सबसे बड़ी गारंटी है। बाइट.....

*लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अगर मजबूत है तो हर संस्था अपने आप ही संवेदनशील बनती है विकास के प्रति अग्रणी बनती है। आज के इस अवसर पे कार्य अत्यन्त ही महत्वपूर्ण कार्य है। एक दूर दर्शितापूर्ण कार्य है। भविष्य को देखने का कार्य है। क्योंकि हमारा भविष्य प्रधानमंत्री जी ने सुनिश्चित किया है कि 2047 तक आते–आते भारत विकसित भारत होगा। विकसित भारत के लिये विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया भी उतनी ही विकसित होनी चाहिये।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में सिविल न्यायाधीश जूनियर डिवीजन 2022 बैच के 70 नवनियुक्त प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीशों से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संवाद कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि न्यायपालिका का दायित्व केवल कानून की व्याख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की समस्याओं को समझकर संवेदनशील निर्णय लेना भी आवश्यक है।**

————————

भारतीय अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज लखनऊ से वापस चले गए। शुभांशु शुक्ला 25 अगस्त को लखनऊ आए थे। वापसी से पहले श्री शुक्ला कुछ समय के लिए डालीगंज के त्रिवेणी नगर स्थित अपने आवास पर गए, जहां पर उन्होंने माता–पिता, और अन्य परिजनों से भेंट की। उनके घर आने पर माता–पिता ने खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि घर आने पर मोहल्ले और आस पड़ोस के सभी लोगों ने शुभांशु से मिलकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

बाइट.......

*वो अपने घर आया था उसका भी घर है और बेटा आये ये हमको भी बहुत अच्छा लगा।यहां पड़ोस के सभी मोहल्लो के जितने लोग थे सभी मिले उससे और सबके साथ बैठकर उसने बात की, बड़ा अच्छा लगा।*

————————

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित राज्य की बौद्ध विरासतों के साथ एशिया प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन मंच 47वें पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन पाटा–2025 में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज कराई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य पर्यटन अपनी विशेष प्रदर्शनी 'एम्बार्क ऑन योर बोधि यात्रा इन उत्तर प्रदेश' के साथ सबसे आकर्षक और सर्वाधिक देखे जाने वाले पवेलियनों में

शामिल रहा। यहां राज्य के प्रमुख बौद्ध स्थलों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। श्री सिंह ने बताया कि 47वां पसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन, पर्यटन अर्थव्यवस्था से जुड़े हितधारकों को जोड़ने वाला एक प्रमुख मंच सिद्ध हुआ।

—————————

मथुरा में आज दाऊजी महाराज का 5253वां जन्मोत्सव बलदेव स्थित दाऊजी मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*जन्मोत्सव की शुरुआत आज सुबह शहनाई वादन और विशेष श्रृंगार दर्शन के साथ हुई। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर को भव्य लाइटिंग से सजाया गया है, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर प्रशासन और पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। मोहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

—————————

प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं, फर्रुखाबाद, गाजीपुर और बलिया में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। प्रदेश के 18 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी के मुताबिक अब तक प्रदेश में 1796 बाढ़ चौकियां स्थापित की गईं हैं और 1273 मेडिकल टीमों का गठन किया गया है।

(समाप्त)